[This question paper contains 4 printed pages.]

**Sr. No. of Question Paper : 105** **D** आपका अनुक्रमांक...............

Unique Paper Code : 205183

Name of the Course : **B.Com. (Prog.)**

Name of the Paper : CP 1.4 : Hindi Language (C)

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

<u>छात्रों के लिए निर्देश</u>

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (1×8)

(क) किन्हीं दो शब्दों के उपसर्ग अलग कीजिए :

बेईमान, सत्कर्म, विपक्ष, गैरहाज़िर।

(ख) 'अ' या 'दुर्' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए।

(ग) किन्हीं दो शब्दों के प्रत्यय अलग कीजिए :

चिकनाहट, धनवान, धार्मिक, पीलापन।

(घ) 'आड़ी' या 'ईला' प्रत्यय वाले दो शब्द लिखिए।

(ङ) किन्हीं दो शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए :

धर्मार्थ, देवालय, नगेन्द्र, राकेश।

(च) किन्हीं दो शब्दों की संधि कीजिए :

सदा+एव, गज+आनन, मुनि+इंद्र, महा+उत्सव।

(छ) किन्हीं दो शब्दों का समास-विग्रह कीजिए :

नवरत्न, स्त्री-पुरुष, जीवनसाथी, चंद्रमुख।

(झ) किन्हीं दो शब्दों के समस्त-पद लिखिए :

दीनों के नाथ, पथ से भ्रष्ट, गिरह को काटने वाला, दान में वीर।

2. (क) किन्हीं दो शब्दों के विलोम लिखिए : (1×7)

कोमल, उत्थान, आकाश, आदि।

(ख) किसी एक शब्द के दो पर्याय लिखिए :

सूर्य, फूल, ईश्वर।

(ग) किसी एक शब्द के दो भिन्न अर्थ लिखिए :

अर्थ, कनक, पद।

(घ) उद्देश्य और विधेय अलग कीजिए :

राजू मेरा मित्र है।

(ङ) संयुक्त वाक्य में बदलिए :

मैं बाज़ार पहुँची। मैंने सामान खरीदा।

(च) निषेधवाचक वाक्य में बदलिए :

मैं पकवान खाऊँगा।

(छ) वाक्य शुद्ध कीजिए :

बीमार को शुद्ध भैंस का दूध पिलाएँ।

3. (क) निश्चयार्थ वृत्तिसूचक वाक्य में बदलिए : (1×6)

शायद वह आए।

(ख) भूतकाल में बदलिए :

शाहरुख अभिनय कर रहा है।

(ग) कर्तृवाच्य में बदलिए :

राजेश से पेड़ नहीं काटा जाता।

(घ) वाच्य बताइए :

कैटरीना नृत्य करती है ।

(ङ) सही क्रिया-रूप द्वारा रिक्त स्थान भरिए :

बच्चे मैदान में ________ । (खेलना)

(च) सकर्मक क्रिया में बदलिए :

पेड़ कटा ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (3×6=18)

(क) भाषा के व्यक्ति सापेक्ष तथा समाज सापेक्ष प्रयोग में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

भाषा और समाज के परस्पर सम्बन्ध पर प्रकाश डालिए ।

(ख) बोली और भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

हिंदी की किन्हीं दो प्रमुख बोलियों एवं उनके क्षेत्र का परिचय दीजिए ।

(ग) राष्ट्रभाषा बनने के लिए भाषा किन विशेषताओं से युक्त होनी चाहिए ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

5. किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए : (3×6=18)

(क) हिंदी की विविध प्रयुक्तियाँ ।

(ख) कार्यालयी हिंदी की विशेषताएँ ।

(ग) बाज़ार की हिंदी ।

(घ) टेलीविजन समाचारों की भाषा ।

(ङ) साहित्यिक हिंदी ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5)

(क) कार्यालयी पत्र-लेखन का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

किसी एक हिंदी फ़िल्म में प्रयुक्त भाषा पर विचार कीजिए।

(ख) लाल किला मैदान में आयोजित चुनाव-प्रचार-सभा पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

दिल्ली विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पर दो मित्रों का संवाद लिखिए।

(ग) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : (8)

(i) छात्र-संघ चुनाव।

(ii) प्रदूषण की समस्या।

(iii) भोजन की थाली और बढ़ती महँगाई।

(iv) डेंगू का प्रकोप।